प्रो. (डॉ.) माण्डवी सिंह
कुलपति

Prof. (Dr.) Mandavi Singh
Vice Chancellor

इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय
(संगीत, नृत्य एवं ललित कलाओं का विश्वविद्यालय)
खैरागढ़, छत्तीसगढ़

Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya
(UNIVERSITY OF MUSIC, DANCE AND FINE ARTS)
Khairagarh, Chhattisgarh

क्र. 2281/इ.क.सं.वि.वि./कुलपति.सचि./2020/नो.क.वा. खैरागढ़ दिनांक 05.04.2020

//अपील//

विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यगण, जैसा कि आप सब जानते है कि हमारा देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व नोवेल कोरोना वायरस (COVID – 19) महामारी के संक्रमण के कारण उत्पन्न विषम परिस्थिति का सामना कर रहा है। वर्तमान में इस आपदा से बचने का एक मात्र मुख्य उपाय है सोशल डिस्टेसिंग। जहां पर है वहीं ठहरें किन्तु ध्यान रहें लोगो के साथ निश्चित दूरी अवश्य रखें। जिससे इस बिमारी के संक्रमण का फैलाव नियंत्रित हो सके।

विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर ऑन-लाईन माध्यमों से पाठ्यसामग्रियों को उपलब्ध कराया जा रहा है अतः विद्यार्थियों से आग्रह है कि विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्तानुसार किये जा रहे शिक्षण एवं प्रशिक्षण के प्रयासों में सहभागिता कर अपने अध्ययन/ रियाज़ को निर्बाध रूप से जारी रखें। विश्वविद्यालय की सुविधाओं के अतिरिक्त स्वयंप्रभा/ SWAYAM/ INFLIBNET इत्यादि प्लेटफर्म के माध्यम से उपलब्ध अन्य पाठ्यक्रमों का भी रूचि अनुसार आवश्यक अध्ययन करते रहें।

जैसा कि आप सबको विदित है कि इस विषम परिस्थिति के बचाव हेतु शासन द्वारा अनेक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अतः हम सभी स्वेच्छा से अपनी ओर से शासन द्वारा स्थापित राहत कोषों में यथायोग्य आर्थिक सहयोग प्रदान करें जिससे इस विपदा के नियंत्रण एवं रोकथाम में हमारा व्यक्तिगत आर्थिक सहयोग भी सुनिश्चित हो।

आवश्यकता इस बात की है कि इस विपदा की घडी में हमें अपना विशेष ध्यान रखते हुए अन्य को भी इस हेतु प्रेरित करना है, तभी इस विकट परिस्थिति के नियंत्रण की सम्भावना बनेगी। हमारे देश हमारे प्रदेश के मुखिया बहुत ही जागरूकता एवं संवेदना के साथ इस महामारी के रोकथाम, नियंत्रण, बचाव एवं उपचार हेतु सतत प्रयासरत हैं। अतः मै यह भी अपील करती हुँ की हम सभी के द्वारा इस महामारी से बचने हेतु शासन के द्वारा समय-समय पर प्रसारित अधोलिखित उपायों एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाये :-

1. दिन में कई बार अपने हाथों को 20 सेकेण्ड तक साबून व पानी से धोऐं।
2. यदि सेनीटाइजर का प्रयोग कर रहे हैं तो सुनिश्चित कर ले कि इसमें 60% या इससे अधिक अल्कोहल हो।
3. यदि किसी व्यक्ति को बुखार है या वह खाँस या छींक रहा है तो उससे कम से कम 02 मीटर की दूरी बना कर रखें।
4. कृपया भीड़ में ना जाएँ व भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे होटल, मॉल आदी से दूरी बनाएँ।
5. अपनी आँख, नाक व चेहरे को ना छुएँ।

Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya, Khairagarh, Chhattisgarh - 491 881
Phone: Off. +91 7820 234534; Fax: +91 7820 234108; E-mail: vc@iksv.ac.in; Website: www.iksv.ac.in

6 हर एक घण्टे में या जैसा सम्भव हो गरम पानी पीते रहें।

7 अनावश्यक यात्रा से बचें।

8 यदि आपको खाँसी अथवा जुकाम है तो अपने चेहरे को कवर करके रखें।

9 खूब पानी व तरल पेय पिएँ।

10 फल व पोषक सब्जियाँ खाएं जैसे सन्तरे इत्यादी।

11 ठण्डे व बासी खाने से बचें।

12 नियमित रूप से कपड़ों को धोएँ।

13 कमरा साफ व हवादार बनाएँ।

14 साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

मुझे आशा है कि आप सभी शासन द्वारा समय - समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। आप सबका स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के लिये महत्वपूर्ण है इसलिये स्वस्थ्य रहें एवं लॉक-डाउन का पालन करें।

धन्यवाद !

(प्रो. माण्डवी सिंह)
कुलपति

पृ. क्र. 2282/इ.क.सं.वि.वि./ कुलपति.सचि./2020/नो.क.वा. खैरागढ़ दिनांक 05.04.2020

प्रतिलिपि-

1. माननीया कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया के सचिव, रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. माननीया सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. इ.क.सं.वि.वि. खैरागढ़ के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, संगतकारों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की ओर पालनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं मान्यता प्राप्त परीक्षा केन्द्र, इ.क.सं.वि.वि. खैरागढ़ की ओर पालनार्थ सम्प्रेषित।

(प्रो. माण्डवी सिंह)
कुलपति

- कोरोना वायरस (COVID – 19) से बचने के लिए केन्द्र और राज्य शासन द्वारा दिये जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करें।
- नोवल कोरोना वायरस (COVID – 19) से खुद बचें तथा औरों को बचाएँ।